# समाचार
## महापौर ने किया वृक्षारोपण, सावन उत्सव में हुई सम्मिलित




कोरबा 08 अगस्त 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने तिलक मार्ग स्थित सूर्यवंशी समाज के भवन परिसर में आयोजित वृक्षारोपण एवं सावन उत्सव कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उन्होने परिसर में अशोक वृक्ष के पौधे का रोपण किया तथा समाज के लोगों एवं महिला समिति की सदस्याओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

सक्षम महिला समिति के तत्वाधान में तिलक मार्ग कोरबा स्थित सूर्यवंशी समाज भवन के परिसर में वृक्षारोपण एवं सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, इस मौके पर सक्षम महिला समिति की सदस्याओं एवं पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल को तिलक लगाकर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महिला समिति की सदस्यों ने स्वागत गीत, नृत्य व सामुहिक नृत्य का प्रदर्शन कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सावन उत्सव के इस अवसर पर अन्य मनोरम कार्यक्रमों के साथ–साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया था। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अशोक वृक्ष के पौधे का रोपण किया। इस मौके पर उन्होने सावन उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि वास्तव में वृक्षों को लगाना एवं उनकी सुरक्षा व संवर्धन का कार्य करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, वातावरण में बढ़ रहे प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए वृक्षों का रोपण करना प्रमुख उपाय है, हम सभी को इस दिशा में पूरी गंभीरता के साथ सोचना चाहिए तथा अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण व उनकी सुरक्षा का कार्य करना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि महिला समिति के द्वारा आज यहां सावन उत्सव व वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है, जो निश्चित रूप से काबिले तारीफ है, बच्चों द्वारा यहां सुंदर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए है, जो बरबस ही लोगों का मन मोह लेते है, मैं इस सुंदर आयोजन के लिए समिति को बधाई देती हूं।

इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी रेणु प्रकाश, कुसुम द्विवेदी, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, राजेश्वरी पाटले, लता वाहने, पुष्पा पाटले के साथ ही सक्षम महिला समिति की पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं व पुरूष उपस्थित थी।